प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, झारखंड यूनिवर्सिटी बिल और नयी उत्पाद नीति को मिल सकती है मंजूरी।
- राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक में सरकार ने फ्लैगशिप कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर दिया जोर, वित मंत्री ने कहा– कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दे बैंक।
- झामुमो ने जल जीवन मिशन के बकाये को लेकर केन्द्र पर साधा निशाना, भाजपा ने फिर उठाया घुसपैठ का मामला, राज्य सरकार पर आदिवासी अस्तित्व बचाने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज शाम से बदलेगा मौसम, मौसम विभाग ने 18 मई तक अधिकत्तर जिलों में बारिश का जताया पूर्वानुमान, गर्मी और लू से मिलेगी राहत।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड को आठ स्वर्ण समेत 21 पदक मिले, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक और फुटबॉल में राज्य के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे से रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। बैठक में झारखंड यूनिवर्सिटी बिल और नयी उत्पाद नीति का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसके अलावा राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

****************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य के बैंको से आग्रह किया है कि कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता में रखकर काम करें। श्री किशोर रांची के प्रोजेक्ट भवन में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 91वीं त्रैमासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी मौजूद थीं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि फ्लैगशिप कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर सरकार का जोर है। उन्होंने किसानों के हित में केसीसी लोन को सुलभ बनाने पर बल दिया।

****************

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने जल जीवन मिशन को लेकर केन्द्र सरकार पर सवाल उठाये हैं। रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हर घर–नल जल योजना के तहत 12 हजार 257 करोड़ रुपये झारखंड को मिलने थे लेकिन पांच वर्षों में राज्य के हिस्से का बकाया 6 हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा हो चुका है।

इस बीच राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने कहा है कि बकाये के भुगतान के लिए केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा गया है। जल्द ही वे इस मसले पर दिल्ली में उनसे मुलाकात भी करने वाले हैं।

****************

इधर, भाजपा ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरकार की महत्वाकांक्षी मंईया सम्मान योजना में भी बांग्लादेशियों के शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने में राज्य की सरकार विफल साबित हो रही है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और नक्सलियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर सफल नक्सलरोधी अभियान के बाद गृह मंत्री अमित शाह का सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की सफलता दर्शाती है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

धनबाद जिले के सदर अस्पताल में जल्द ही संविदा के आधार पर स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जायेगी।

****************

संक्षिप्त खबरें –

- झारखंड विधानसभा की आवासीय समिति की बैठक सरायकेला परिसदन में हुई। लगभग दो घंटे तक चली इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों में लंबित पड़े भवनों और आवासों को पूरा करने के निर्देश दिये गये।
- जामताड़ा जिले से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 10 मोबाइल सेट और 12 फर्जी सिम कार्ड के अलावा अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।
- सरायकेला–खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र में अवस्थित अमूल दुध फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी, जिसपर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। आग शार्ट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है।
- शाह स्पंज एंड पावर कंपनी ने जमशेदपुर में सीएसआर के तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बीच टोपी, छाते, चश्मे और गमछों का वितरण किया। मौके पर एसएसपी किशोर कौशल भी मौजूद रहे।

****************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज शाम से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषक आनंद ने बताया कि 18 मई तक अधिकत्तर जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है।

****************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 7 रजत और छह कांस्य समेत 21 पदक हासिल किये हैं। पदक तालिका में झारखंड 14वें स्थान पर है। एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक और फुटबॉल में राज्य के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कल 200 मीटर रेस में साकेत मिंज ने झारखंड को स्वर्ण और ट्रिपल जंप में विनीत उरांव ने रजत पदक दिलाया। इससे पहले बालक फुटबॉल में भी झारखंड ने ओडिसा को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही जिम्नास्टिक में दिवास गायेन ने रजत और तुलिन तिवारी ने कांस्य पदक दिलाया।

****************

महाराष्ट्र के वर्धा में संपन्न 51वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर रांची लौटने पर झारखंड के खिलाड़ियों का बिरसा मुंडा कबड्डी ग्राउंड में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड ने पहली बार पदक हासिल किया है। इस टीम में रांची से स्नेह थापा, कोमल उरांव, राधिका उरांव और रीना धान शामिल थीं।

*****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– हाईकोर्ट जज ने कहा– मध्य प्रदेश के मंत्री की भाषा गटरछाप... मैं कल रहूं या नहीं, केस दर्ज करें या सुप्रीम कोर्ट से स्टे लायें, अंततः एफआईआर।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– अब सदर अस्पताल में गूंजेगी टेस्ट ट्यूब बच्चों की किलकारी।

हिन्दुस्तान लिखता है– पानी के लिए पाक की गुहार।

प्रभात खबर के शब्द हैं– नीति आयोग की बैठक 24 मई को , मुख्यमंत्री होंगे शामिल।

************